# कानून - एक परिचय
# AN INTRODUCTION TO LAW
# (338)
## शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र
## TUTOR MARKED ASSIGNMENT

कुल अंक : 20

Max. Marks : 20

***टिप्पणी:*** *(i)* *सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

***Note:*** *All questions are compulsory. The marks alloted for each question are given at same place.*

*(ii)* *उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।*

*Write your name, enrollment number, AI name and subject on the top of the first page of the answer sheet.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one out of the following questions in about 40 to 60 words. 2

(a) भारतीय संविधान की ऐसी किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए जो भारत को एक लोकतांत्रिक राज्य बनाती हैं। (पाठ-17)

Explain any two features of the Indian constitution which make India a democratic state. (Lesson-17)

(b) संविधान और संविधानवाद में अंतर स्पष्ट कीजिए। (पाठ-18)

Differentiate between 'Constitution and 'Constitutionalism' (Lesson-18)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one out of the following questions in about 40 to 60 words. 2

(a) वैध परम्पराओं की आवश्यकताएं क्या हैं? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-9)

What would be the requisites of valid customs? Explain. (Lesson-9)

(b) मौलिक अधिकारों का हनन करने पर किसी व्यक्ति को किस प्रकार सजा दी जा सकती है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (पाठ-19)

How can a person be punished if fundamental rights are violated? Explain with the help of examples. (Lesson-19)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one out of the following questions in about 40 to 60 words. 2

(a) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को किन वैचारिक स्त्रोतों और उद्देश्यों के आधार पर वर्गीकृत किया गया है? व्याख्या कीजिए। (पाठ-20)

The directive principles of state policy have been classified on the basis of which ideological sources and objectives? Explain. (Lesson-20)

(b) गीता एक बगीचे की मालकिन है। वह माली के साथ संविदा करती है जो एक वर्ष के लिए उसके बगीचे का अनुरक्षण करता है। व्यक्तिबंधी अधिकार और सर्वबंधी अधिकार के संदर्भ में पूरे विश्व की सामान्य ड्यूटी व माली की ड्यूटी को स्पष्ट कीजिए। (पाठ-12)

Geeta owns a garden. She enters into a contact with gardener for one year to maintain her garden. Explain in this case the general duty of the whole world and special duty of the gardener to Geeta suggesting 'Right in Personam' and 'Right' in Rem' (Lesson-12)

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

Answer any one out of the following questions in about 100 to 150 words. 4

(a) सांविधानिक दायित्व को पूरा करने की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं को संगठित करने में सरकार द्वारा निभाई गई भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। (पाठ-20)

Evaluate the role played by the government towards fulfilling its constitutional obligation towards organising the Panchayati Raj Institutions. (Lesson-20)

(b) अपने पक्ष को दर्शाने के लिए किन्हीं दो केसों की सहायता से लोकस स्टैंडी की प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए। (पाठ-23)

Explain the relevanice of 'Locus-Stundi' with the help of any two cases laws to illustrate your point? (Lesson-23)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

Answer any one out of the following questions in about 100 to 150 words. 4

(a) पर्यावरण के संरक्षण के लिए क्योटो प्रोटोकाल की भूमिका का आकलन कीजिए। (पाठ-27)

Assess the role played by Kyoto protocol towards environmental protection. (Lesson-27)

(b) भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन हेतु, किसी राज्य की विधानसभा के एक निर्वाचित विधायक के एक मत के मूल्य की गणना कीजिए यदि वहां की जनसंख्या 3,39,37,000 हो और निर्वाचित विधायकों की संख्या 120 हो।

For the purpose of election of president of India, calculate the value of one vote of each elected member of the Legislative Assembly of a state if its population is 3,39,37000 and the number of elected member is 120.

6. नीचे दिए परियोजना कार्य में से कोई एक कीजिए। 6

Prepare any one project on any one of the following. 6

(a) आपके मित्र के साथ दुर्घटना हो जाती है और आप उसे सरकारी अस्पताल में लेकर जाते हैं। एक्स-रे रिपोर्ट से पता चलता है कि उसकी टांग की हड्डी टूट गई है। प्लास्टर और ईलाज के बावजूद आपका मित्र चल नहीं पाता। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत कैसे मुकदमा तैयार किया जा सकता है? आप इस समस्या को कैसे हल करोगे? इस केस में आगे बढ़ने के लिए चरणबद्ध तरीका तैयार कीजिए।

Your Friend meets with an accident and you take him to a Government Hospital. In an 'X ray' report it is found that his leg is fractured. Despite the plaster and treatment your friend is unable to walk. Can a case under consumer protection be made. How will you solve this problem?

(b) चोरी के शक पर दो पुलिसकर्मी आपके पड़ोस में रहने वाली 'X' नाम की महिला को रात 8.00 बजे गिरफ्तार कर लेते हैं। मनमाने ढंग से की जा रही इस गिरफ्तारी के विरुद्ध कविता आपसे सहायता मांगती है। इस घटना के परिप्रेक्ष्य में मौलिक अधिकारों के हनन के छः मामलों का फ्लोचार्ट बनाईए तथा मौलिक अधिकारों को लागू करवाने के उपचार सुझाइए।

On suspicion of theft two Police men at 8.00 p.m. at night come and arrest 'X' a women residing in your neighbor. Kavita pleads you to help her against arbitrary arrest. In the light of this accident, suggest measures and prepares of flow charts showing any six violation of the Fundamental Rights.